## खबर संक्षेप

### फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**शहडोल।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के निर्वाचन के लिए 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के सतत पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ.केदार सिंह द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु जनपद पंचायतवार मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। सोहागपुर जनपद पंचायत हेतु प्रशांत सालवार एवं पंकज तिलाटिया दोनो व्याख्याता पॉलीटेक्निक शहडोल, ब्यौहारी जनपद पंचायत हेतु एचएल पेन्टों बीईओ ब्यौहारी, तथा शशिकांत शर्मा प्राचार्य शा.उ.वि. खड्डा ब्यौहारी, जनपद पंचायत बुढ़ार के लिए अनूप सेन तथा डॉ मनोज कुजूर दोनो सहायक प्राध्यापक शा. नेहरू महा.विद्यालय बुढ़ार, जयसिंहनगर जनपद पंचायत के लिए महेन्द्र त्रिपाठी सहायक शिक्षक तथा पुष्पेन्द्र सिंह वरिष्ठ अध्यापक को मास्टर टेऊनर नियुक्त किया गया है।

### कलेक्टर ने की शिकायतों की समीक्षा



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी राज्य स्तरीय ग्रेडिंग होने से पूर्व शिकायतों का निराकरण करें, जिससे वे ए-ग्रेड तक न पहुंच सके। सीईओ जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबल योजना में पंजीयन संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी समाधान ऑनलाइन के लिए राज्य स्तर से चयनित विभागों तथा उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुलतार को पितृ शोक



**बुढ़ार।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के वरिष्ठ नेता कुलतार सिंह सलूजा ने बताया के उनके पिता बलबीर सिंह सलूजा का 18 मई को दुखद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 19 मई को शांति वन बुढार में किया गया । उनके पिता की आत्मा की शांति के लिए उनके निज निवास सलूजा रेजिडेंसी कॉलेज कॉलोनी पर श्री अखंड पाठ साहब जी का आरंभ 20 मई मंगलवार को होगा, जिसकी समाप्ति 22 मई दिन गुरुवार को होगी । श्री सलूजा के बड़े भाई कवलजीत सिंह सलूजा ने उनके पिता के सभी परिचितों एवं मित्रों से आग्रह किया है कि 22 मई को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बुढार में अंतिम अरदास में शामिल होवे एवं गुरु का प्रसाद ग्रहण करें।

### डॉक्टर सहित तीन पर दर्ज हुआ अपराध

**शहडोल।** बीते दिनों डॉक्टर और पुलिस के बीच हुई मारपीट के मामले में एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी की शिकायत पर सोहागपुर पुलिस ने डॉक्टर कृष्णेन्द्र द्विवेदी सहित उनकी पत्नी रत्नमाला मिश्रा व ससुर रामसहाय मिश्रा के विरूद्ध भी विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# शहर में खुलेआम बिक रही अमानक पॉलीथिन

## श्री सांई मार्केटिंग पर मेहरबान प्रशासनिक अमला

**नपा सहित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लापवाही से फैला रहा प्रदूषण**

पॉलीथिन में सामग्री देने की आदत बदलने को कोई तैयार नजर नहीं है, न सिर्फ दुकानों में बल्कि आम लोगों के घरों में भी इसका जमकर उपयोग हो रहा है। शादी विवाह के सीजन के मद्देनजर पॉलीथिन श्री सांई मार्केटिंग ने बड़ा स्टाक जमा कर लिया है। रेस्टोरेंट, सब्जी मार्केट, कपड़ा व्यापार, जनरल स्टोर आदि जगहों पर अमानक पॉलीथिन पर वैन लगे अर्सा बीत गया, लेकिन बाजार में खुलकर पन्नी की बिक्री हो रही है।







हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

संभागीय मुख्यालय में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं को प्लास्टिक के कचरे ने प्रभावित कर दिया है। प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम पॉलीथीन का उपयोग और बिक्री किया जा रहा है। सब्जी, फल, किराना सामान, मांस-मछली से लेकर मेडिकल की दुकानों तक में अमानक पॉलीथीन ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। पॉलीथीन पर रोक के प्रति प्रशासन की उदासीनता शहरवासियों के लिए आने वाले बरसात में सिरदर्द साबित हो सकता है। समाज का शिक्षित वर्ग पॉलिथीन के दुष्परिणाम को भली भांति जानने के बावजूद पॉलीथिन का उपयोग करते हैं। पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद नगर पालिका, विभिन्न स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों ने पॉलिथीन के खिलाफ अभियान चलाया था, लेकिन यह औपचारिकता साबित हुई, कई लोग पॉलिथीन में घर का कचरा भरकर सडक़ों पर फेंक रहे हैं। कई बार पशु पॉलीथिन खाकर बीमार पड़ रहे हैं। यत्र-तत्र फेके गए पॉलिथीन कचरे का रूप लेती है और नालियां जाम करती है। नगर पालिका का दावा है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक की बिक्री बंद है। सवाल यह उठता है कि पॉलिथीन बंद है तो शहर के बुढ़ार चौक स्थित श्री सांई मार्केटिंग द्वारा पॉलीथिन बिक्री आखिर कैसे की जा रही है।

### प्रतिदिन खप रही क्विंटलों पॉलीथिन

केंद्र सरकार ने 40 माईक्रान से कम मोटाई वाली अमानक पॉलीथिन पर प्रतिबंध तो लगा दिया है, लेकिन शहर में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर में अभी भी श्री सांई मार्केटिंग प्रतिदिन कई क्विंटल अमानक पॉलीथिन का विक्रय कर रहा हैं। नपा में इसके लिए बनाए गए नोडल अधिकारी ने कभी भी झांककर नहीं देख रहे हैं। नगर पालिका भी शहर को स्वच्छ करने के बजाय इसका खजाना खाली करने में ज्यादा विश्वास कर रही है। इसके चलते बाजार में लोग खुलेआम उपयोग कर रहे हैं।

### ठण्डे बस्ते में अभियान

अमानक पॉलीथिन के अंधाधुंध उपयोग के चलते शहर के पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है और गोवंश की जान भी जा रही है। जागरुकता के अभाव में पॉलीथिन का उपयोग बंद नहीं हो पा रहा है। दुकानों में धड़ल्ले से पॉलीथिन में सामग्री बेची जा रही है। नगर पालिका ने पॉलीथिन बिक्री व इसके उपयोग करने पर रोक लगाने के के लिए नाम मात्र की मुहिम चलाई थी जो कई माह से बंद ही है। शहर में श्री सांई मार्केटिंग थोक व्यापारी 40 माइक्रोन से कम मोटाई वाली अमानक पॉलीथिन को जिले भर में बेच रहे हैं। पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाने के लिए नगर पालिका ने कुछ वर्षो पहले जोरशोर से अभियान की शुरूआत भी की थी, लेकिन बाद में यह मुहीम ठंडी पडक़र बंद हो गई। इसके कारण अब फिर बाजार में पहले जैसी स्थिति निर्मित हो गई है और धड़ल्ले से दुकानों पर पॉलीथिन बिक रही है।

### जिम्मेदारों को नहीं परवाह

शहर में फुटकर दुकानदार, सब्जी विक्रेता और होटल व्यवसायी भी पॉलीथिन में सामान बेच रहे हैं। उनके यहां आज तक नपा के अधिकारी पहुंचे ही नहीं है। प्रतिबंध के आदेशों का पालन कराने में भी कोई रुचि नहीं ले रहा है। इस कारण आज भी खतरे वाले प्लास्टिक कैरी बेगों का उपयोग हो रहा है। विक्रेता खाद्य एवं अन्य सामग्री पॉलीथिन बैग में भरकर बेच रहे हैं। लोग पॉलीथिन में खराब सामग्री या कचरा भरकर फेंक रहे हैं। कारण 40 माइक्रान से कम मोटाई वाले पॉलीथिन कैरी बैग को हानिकारक मानते हुए प्रतिबंधित किया गया था। पॉलीथिन की थैलियों में किराना, सब्जी सहित अन्य वस्तुओं को बेचा जा रहा है। इससे नगर पालिका के स्वच्छता अभियान पर भी असर पड़ रहा है।

### वातानुकूलित कक्ष से चल रहा कार्यालय

सुप्रीम कोर्ट और सरकार के आदेश के बाद भी शहर में अमानक पॉलिथीन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लग पाया है। प्लास्टिक वेस्ट (मैनेजमेंट एंड हैंडलिंग) रुल्स 2011 को लागू कराने के लिए कोई भी गंभीर नहीं है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में बैठे जिम्मेदारों वातानुकूलित कक्ष में बैठकर कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं, चर्चा है कि हर माह मिलने वाली सुविधा शुल्क के चलते क्षेत्र में प्रदूषण को लेकर किसी प्रकार का कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है, पूर्व में पदस्थ रहे अधिकारियों के द्वारा समय-समय पर अभियान एवं जागरूकता के माध्यम से निर्देशों का पालन कराया जाता था और कार्यवाहियां दिखती थी, लेकिन वर्तमान मुखिया के आने के बाद से पूरा कार्यालय वातानुकूति कक्ष से ही चल रहा है।

# एफआईआर दर्ज कराने भटक रहा शासकीय कर्मचारी

## थाना प्रभारी खुलकर कर रहे पैसों की मांग

### कप्तान के दरबार में पहुंचा ग्राम पंचायत का कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



दो पक्षों में हुए विवाद के बाद जिले में घटनाओं में पीड़ित के तहरीर देने पर पुलिस इसे असंज्ञेय अपराध मानकर एनसीआर (नॉन कॉग्निजबेल) दर्ज कर आरोपी पक्ष के साथ पीड़ित का भी शांतिभंग में चालान कर देती थी। एसडीएम न्यायालय से उसी दिन जमानत मिलने व कड़ी कार्रवाई न होने से विवाद करने वाला आरोपी पीड़ित पर रौब दिखाता है, ऐसा ही खेल जयसिंहनगर थाना में चल रहा है। बीते दिनों पुलिस अधीक्षक से जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के चंदेला में रहने वाले युवक ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें प्रभारी द्वारा शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ एनसीआर काटकर शासकीय कर्मचारियों से रूपयों की मांग करने का भी उल्लेख किया है।

### शासकीय कार्य में व्यवधान

पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने उल्लेख किया कि मैं शंकर सिंह चंदेल ग्राम पंचायत चंदेला में पेसा मोबिलाईजर के पद पर पदस्थ हुं एवं ग्राम पंचायत अमझोर में ग्राम रोजगार सहायक के प्रभार में कम्प्यूटीकृत कार्य कर रहा था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेशानुसार दो दिवस का शिविर लगाकर ग्रामवासियों के सुबह 10 बजे से समग्र ईकेवाईसी , पीएम आवास ईकेवाईसी, पेसा एक्ट के तहत नवीन ग्रामसभा गठित किये जाने के निर्देश में 16 मई एवं 17 मई को शिविर लगाकर कार्य कर रहा था। ग्रामीणजन सभी ईकेवाईसी करा रहे थे , तभी लगभग 01 बजे दुर्गेश साहू पिता बुद्धसेन साहु एवं सुशील सिंह पिता देवेन्द्र सिंह ग्राम चन्देला निवासी नामक व्यक्ति ग्राम पंचायत भवन में आकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा कि मेरा काम नही होता है, मेरा सबसे पहले करो तो, हम लोगों ने उससे बोला की समग्र आईडी और आधार कार्ड लेकर आ जाओ काम कर देंगें, इसके बाद दबंगों द्वारा बोला गया कि मेरा काम नही होगा और गली-गलौच करने के साथ ही छीना झपटी करने लगा और सरकारी काजग फाड दिया, कई लोगों के आधार कार्ड समग्र आईडी फेंक दिया और लैपटाप और फिंगर डिवाइस उठाकर पटकने लगा तो, हम लोगों ने पकड़ लिया, जिससे शासकीय काजजात नुकसान किया और माउस का वायर तोड दिया।

### कोई बचाव में नहीं आया

शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी देने लगे ओर पंचायत के सभी दरवाजे को लाठी डंडे से पीटने लगे, पूरे दो से तीन घण्टे तक गाली-गलौच जान से मारने की धमकी दिया और साथ में वह अपने भाई को बुलाया और जोगेन्दर सुशील सिंह को बुलाकर गाली-गलौच किया जोगेन्दर सुशील सिंह पिता बडका सिंह पहले से अपराधी है और उसके विरूद्ध मुकदमा कायम है। वह सभी 1.00 बजे से 4.30 बजे तक लगातार जान से मारने की धमकी दिये और पूरा दिन शासकीय कार्य बाधित रहा। उक्त व्यक्तियो का गाली-गलौच और धक्का-मुक्की का वीडियो बनाकर मोबाईल फोन में सेव करके रखे हुये है। 100 एवं 112 पर सहायता के लिये काल किया गया परन्तुं कोई बचाव हेतु नही आये।

### पूर्व में रोजगार सहायक से की थी मारपीट

शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके पूर्व भी 8 महीने पहले उक्त दोनो व्यक्तियों के द्वारा कमलेश कुमार अहिरवार ग्राम रोजगार सहायक चन्देला के साथ मारपीट किया था, मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदया को फोन के माध्यम बताया गया था, उस दौरान पंचायत भवन में दिलीप दुर्गा देवी सिंह सरपंच, कमलेश कुमार ग्राम रोजगार सहायक, शिवाकान्त पाण्डेय, सीताराम कंवर, विवेक अहिरवार, लक्ष्मण प्रसाद तिवारी चौकीदार एवं कई ग्रामीणजन महिलाओ सहित उपस्थित रहें। वीडियो, फोटो, आडियो भी है, सभी उक्त घटना के साक्षी है। कुछ ग्रामीण लोगों के द्वारा आकर उनको पंचायत भवन से दूर किया गया, तब जाकर फरियादी पंचायत भवन से पुलिस थाने तक पहुंच पाया।

### पुलिस ने की पैसों की मांग

शिकायतकर्ता ने बताया कि जब थाना प्रभारी को पूरी घटना के बारे बताया और बार बार निवेदन करने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं किया गया और सिर्फ एनसीआर काट दिया गया । एनसीआर दर्ज करने के एवज में मेरे से पैसे की मांग की गई बोला गया कि जो स्वेच्छा हो तो दे दो, टाईप किये है, मेहनत किये हैं आपके काम में। मैने नही दिया, एनसीआर दर्ज करने के बाद पुलिस सुबह 11 बजे अकेले नही गये, गिरफ्तार करने मेरे को आगे-आगे बोले बाईक में चलो, हम पीछे से आते है। मैंने उसके घर तक पहुंचाया तब जाकर उनको गिरफ्तार किये । उसके बाद मेरे को थाने में एसआई प्रमोद सिंह नामक पुलिस द्वारा बुलाकर कथन लिये और हस्ताक्षर कराये और बोले दोनों को जेल भेज रहा हूं, कुछ पैसे का जुगाड़ करों लेकिन मेरे द्वारा नही दिया गया और फिर थाना प्रभारी सत्येन्द्र चतुर्वेदी से निवेदन करने पुनः पहुंचा तो उन्होंने कहा जेल भेज रहे हैं गाडी का जुगाड़ कर दो या 2 हजार रूपये दे देना तो उनको जेल भेज देंगें।

### दलाल चला रहे थाना

पीड़ित ने बताया कि भेज जाने की बात के बाद दो दलाल पहुंचे, जिनमें ग्राम कुबरा निवासी शेषमणि पाल और आनंद त्रिपाठी नामक व्यक्ति आये और बोले गलत हो रहा है। सब बना लीजिये, मैंने मना किया, उसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी से सांठगांठ कर शाम को दोनों अपराधी व्यक्तियों को छुड़ा ले गयें और एफआईआर दर्ज नही कियें। यदि हम पढ़े-लिखे कर्मचारी लोगों से पैसे या घूंस की मांग की जाती है तो, आम नागरिक जो न्याय की आस लिये गुहार लगाने आते होंगें, उनके साथ क्या होता होगा, शिकायतकर्ता ने उक्त व्यक्ति के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं शासकीय कर्मचारी से धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी दिये जाने कारण उक्त दोनों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

# जंगली हाथियों ने दो को कुचला

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के सनौसी और डोडा जंगल में सोमवार सुबह पत्ती तोडऩे गए दो ग्रामीणों को जंगली हाथियों ने कुचलकर मार डाला। हादसे के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। वहीं, गांव में इस घटना को लेकर गुस्से का माहौल है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सनौसी गांव के उमेश कोल अपनी पत्नी के साथ जंगल में पत्तियां तोडऩे गया था। उसी समय बांधवगढ़ की तरफ से दो जंगली हाथी वहां पहुंच गए। उमेश अचानक हाथियों के सामने आ गया। हाथियों ने उसे कुचलकर मार डाला। उमेश की पत्नी ने जान बचाने के लिए भागकर एक पेड़ पर चढ़ गई। उसने पेड़ से लोगों से मदद के लिए आवाज लगाई। गांव के लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उमेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद हाथी संजय गांधी टाइगर रिजर्व की ओर निकल गए। ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के जंगलों में पिछले कई महीनों से दो दर्जन से ज्यादा जंगली हाथी घूम रहे हैं। इन पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने तीन अलग अलग टीम बनाई हैं। वन विभाग के एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि दोनों ग्रामीणों की मौत जंगली हाथियों के हमले से हुई है। उन्होंने कहा कि ये हाथी नए हैं और सोमवार की सुबह बांधवगढ़ जंगल से निकलकर बनास नदी होते हुए संजय गांधी टाइगर रिजर्व की ओर जा रहे थे। उसी रास्ते में ये हादसे हो गए। एसडीओ ने यह भी बताया कि मृतकों के परिजनों को तुरंत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में डर और मातम का माहौल है।

### पेट दर्द से परेशान बुजुर्ग महिला ने की खुदकुशी

**शहडोल।** जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में 72 साल की एक बुजुर्ग महिला ने पेट दर्द से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब यह हादसा हुआ, उस वक्त महिला का परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने मैहर गया हुआ था और वह घर में अकेली थी। पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम भूरी यादव था और वह पिछले चार सालों से पेट दर्द की बीमारी से परेशान थी। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भूरी यादव ने घर के पास एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पता चला कि महिला ने पेट दर्द से तंग आकर यह कदम उठाया। गांव के लोगों ने बताया कि भूरी यादव की तबीयत पिछले कुछ समय से बहुत खराब चल रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से भी काफी परेशान थीं। वह अक्सर कहती थीं कि पेट दर्द से बहुत तकलीफ हो रही है। उनके परिवार वाले भी बताते हैं कि वह कई बार पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं होती थीं, जिससे साफ था कि उनकी हालत ठीक नहीं थी। परिजनों ने बताया कि उन्होंने भूरी यादव का इलाज लगातार कराया था। पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया और फिर जिला अस्पताल में भी दिखाया, लेकिन लंबे समय तक इलाज के बाद भी उन्हें पेट दर्द से राहत नहीं मिली। इसी तकलीफ से परेशान होकर उन्होंने यह दुखद कदम उठाया।

# जिस थाने में दर्ज करते थे एफआईआर, आज उसी में बने आरोपी प्रभारी को क्लीन चिट, आरोपी आज भी थाने में

**शहडोल।** शासकीय चिकित्सक से मारपीट के आरोप में आखिरकार तीसरे दिन सोहागपुर थाने में 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, इसमें से चार को नामजद किया गया, जबकि दो पुलिसकर्मी अभी भी अज्ञात हैं। एफआईआर से पहले पीड़ित चिकित्सक की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उसके ठीक बाद सोहागपुर थाने पहुंची। उनके द्वारा दी गई शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम कर लिया है, वहीं एएसआई की शिकायत पर डॉक्टर सहित डॉक्टर की पत्नी एवं ससुर के खिलाफ भी शासकीय कार्य में बाधा एफआईआर दर्ज कर ली गई हैं। जिसमें शासकीय कार्य में व्यवधान से लेकर अन्य गंभीर धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। इस पूरे मामले में पुलिस ने यह तो माना की डॉक्टर के साथ मारपीट की गई, लेकिन जिस थाना प्रभारी के कार्यक्षेत्र और कार्यालय में यह घटना कारित हुई, पूरे मामले में पुलिस के आलाधिकारी थाना प्रभारी को एक किनारे करते हुए, सिर्फ मातहतों पर ही कार्यवाही करते नजर आये।



**यह की थी शिकायत** - शिकायतकर्ता एवं पीड़ित डॉक्टर की पत्नी श्रीमती रत्नमाला मिश्रा ने सोहागपुर थाने में शिकायत दी , जिसमें उनके द्वारा बताया कि वे रत्नमाला पति डॉ. कृष्णेन्द्र धर द्विवेदी निवासी वार्ड 1 आई.टी.आई. पास होमगार्ड ग्राउंड के सामने रहती है, 16 एवं 17 मई को रात्रि लगभग 1.15 बजे मेरे पति डॉ. कृष्णेन्द्र धर द्विवेदी जो कि जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थ है, अस्पताल से मरीज देखकर वापस घर आ रहे थे, जब वह घर पहुंचे तब घर के सामने कार में बैठकर अपने मोबाईल से फोन कर दरवाजा खोलने के लिये कह रहे थे, उसी दौरान थाना सोहागपुर के पुलिस सुखंवत चतुर्वेदी एवं हरेन्द्र सिंह आ गये और मेरे पति के हाथ से मोबाईल और कार की चाभी छीन ली और अभद्र व्यवहार गाली-गलौज करने लगे, उसके बाद मेरे पति के द्वारा मना किया गया, जिसकी आवाज जोर-जोर से आने लगी, तब मै फरियादिया व मेरे पिता व मेरे परिवार के अन्य लोग एवं मित्रगण बाहर निकल आये, मेरे घर के पास पहुंच गये, मुझ शिकायतकर्ता द्वारा बीच-बचाव कर निवेदन किया गया, उसके बाद भी पुलिस द्वारा मेरे व मेरे पिता के साथ भी अभद्र व्यवहार कर धक्का-मुक्की किया गया, फिर उसी दौरान मेरे घर के सामने ही सुखवन्त चतुर्वेदी द्वारा फोन करें अन्य पुलिस वालो के बुलाया गया, वहीं पर अन्य पुलिसवालों के आने के बाद मेरे पति के साथ मेरे घर के सामने जमीन में पटक कर एक पुलिस द्वारा हाथ पकड़ा गया था, शेष अन्य 5 पुलिस द्वारा लाठी डण्डे से मारपीट की गई।

**लॉकप में ले जा कर पीटा** - शिकायतकर्ता ने बताया कि जबरन बल पूर्वक मेरे पति को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर गाड़ी में मारपीट की गई, थाने लेकर गये एवं उनकी कार को दूसरे पुलिस द्वारा थाने लेकर गये थाने ले जाने के बाद मेरे पति के साथ सुखवन्त चतुर्वेदी व हरेन्द्र सिंह, पवन सिंह, सिद्धार्थ रैकवार व अन्य दो पुलिस वाले थाने के अन्दर लॉकप में ले जाकर लाठी, पाईप से मारपीट किये, जिससे मेरे पति के पूरे शरीर में चोटे थी और रात्रि 1.50 बजे से लेकर सुबह 5.30 बजे तक मेरे पति को बिना किसी अपराध के थाने के लॉकप में बन्द किया गया था, उसके बाद थाना सोहागपुर में में शिकायतकर्ता व मित्रगण पूरे समय थे, हम लोगों को मेरे पति से मिलने नही दिये, उसके बाद सुबह 5. 30 बजे मेरे पति को मेडिकल कालेज चिकित्सीय परीक्षण के लिये ले जाया गया, जहाँ मेरे पति को पुलिस द्वारा की गई मारपीट से आई गंभीर चोटो के कारण मेडिकल कालेज के डॉक्टरों द्वारा उन्हें भर्ती कर लिया गया, फिर जांच के उपरान्त मेरे पति के एल-स्पाईन में दो जगह अस्थीभंग पाया गया, जिस कारण मेरे पति उठ-बैठ नही पा रहे है । फरियादिया ने न्याय दिलाने के साथ ही सुखवन्त चतुर्वेदी, सिद्धार्थ रैकवार, हरेन्द्र सिंह, पवन सिंह परिहार, दो अन्य पुलिस कर्मी जो मारपीट किये थे, उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की थी।

## 4213 किसानों से की गई गेहूं की खरीदी

**उमरिया ।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में 35 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 4213 किसानों से 18053.8 क्विटल गेहूं की खरीदी की गई है। जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 12093 है । स्लॉट बुकिंग की संख्या 4847 है । जिले में 2052 किसानों को 27.26 करोड़ रूपये भुगतान किए जा चुके है ।

## 50 हजार रुपये के आहरण की मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्राम चकेठी तहसील अनूपपुर निवासी कोमल प्रसाद सोनी पिता भीषम प्रसाद सोनी को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

## राज्य मंत्री ने कोठी एवं देवगवां में मंगल भवन का किया भूमि पूजन



**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने रविवार को कोतमा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवगवां और कोठी में एक-एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले दो मंगल भवनों माधव मंगल भवन (देवगवां) और संत शिरोमणि रविदास मंगल भवन (कोठी) के लिए विधि-विधान के भूमि पूजन किया। इन मंगल भवनों के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, राजू यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पदोन्नति में आरक्षित वर्ग के अभियंताओं के साथ भेदभाव

**चचाई।** अधीक्षण अभियंता (करंट चार्ज) के आदेश 13 मई को मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर द्वारा अधीक्षण अभियंता (करंट चार्ज) हेतु आदेश पारित किए गए हैं जिसमें मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों की अवहेलना करते हुए 11 वर्ष वरिष्ठ नियमित कार्यपालन अभियंताओं को छोड़कर ऐसे कार्यपालन अभियंता (करंट चार्ज) को अधीक्षण अभियंता करंट चार्ज प्रदर्शित किया गया है जो मात्र 2 से 3 वर्ष पूर्व भी कार्यपालन अभियंता का चार्ज प्राप्त किए हैं 11 वर्ष अवधि के वरिष्ठ कार्यपालन अभियंता सभी आरक्षित वर्ग के हैं वह इस भेदभाव का शिकार हुए हैं। इस संबंध में आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा कंपनी प्रबंधन से नियमानुसार न्याय उचित कार्यवाही हेतु प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन मुख्य अभियंता अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग रखी गई की 13 मई के कार्यपालन अभियंता से अधीक्षण अभियंता के (करंट चार्ज) हेतु पारित आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और 1 जनवरी 2020 की कार्यपालन अभियंता की ग्रेडेशन लिस्ट के आधार पर कार्यपालन अभियंता से अधीक्षण अभियंता के करंट चार्ज के संशोधित आदेश को पारित किया जाए दिए गए ज्ञापन पत्र में उल्लेख किया गया है कि मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंताओं को अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है जो पूर्णता कंपनी नियम एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के विरुद्ध है उक्त पारित आदेश में कंपनी कैडर के नियमित कार्यपालन अभियंता की 1 जनवरी 2020 की वरिष्ठतम सूची का कोई ध्यान नहीं रखा गया है जो की कंपनी की प्रशासनिक व्यवस्था के नाम पर और तथा कथित लोगों के द्वारा हाईकोर्ट में बिचाराधीन केस का हवाला देकर नियमित पत्र एवं योग्य कार्यपालन अभियंताओं के साथ घोर अन्याय है कहा गया है की 26 सहायक अभियंताओं को कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति किया गया था जो आज दिनांक तक कार्यपालन अभियंता के पद पर 10 वर्ष की सेवाएं पूर्ण कर चुके हैं कंपनी के निर्धारित नियमों के अनुसार कार्यपालन अभियंता उत्पादन से अधीक्षण अभियंता उत्पादन के पद पर पदस्थापना पदोन्नति हेतु 5 वर्ष की सेवाएं आवश्यक है।

### तिरंगा यात्रा के नाम पर भाजपा कर रही दिखावा: कांग्रेस

# अपमान जनक बयान के बाद नहीं हो रही भाजपा नेताओं पर कार्रवाई

उमरिया

भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। कांग्रेस प्रवक्ता मोहम्मद नईम ने इसे एक राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि भाजपा तिरंगा यात्रा के नाम पर देशभक्ति का दिखावा कर रही है, जबकि उसकी सरकार के मंत्री और उपमुख्यमंत्री भारतीय सेना और देश की बेटियों का अपमान कर रहे हैं। मोहम्मद नईम ने कहा कि भाजपा के मंत्री विजय शाह ने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ जो अपमानजनक और साम्प्रदायिक भाषा का प्रयोग किया, वह न केवल सेना का अपमान है, बल्कि देश की उस बेटी का भी, जिसने 'ऑपरेशन सिंदूर' का नेतृत्व कर आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

उन्होंने कहा, मंत्री विजय शाह का यह बयान कि कर्नल सोफिया आतंकवादियों की बहन हैं, बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। यह बयान न केवल उनके मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है, बल्कि भाजपा की असली सोच को भी उजागर करता है।



कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि जब भाजपा खुद को राष्ट्रवादी कहती है, तो वह ऐसे बयान देने वाले नेताओं पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही? उन्होंने कहा कि विजय शाह पर कोई कार्रवाई न होना यह साबित करता है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी इस अपमानजनक सोच का समर्थन कर रहा है। मोहम्मद नईम ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के बयान को भी सेना का अपमान बताते हुए कहा कि उनका यह कहना कि भारतीय सेना प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है, बेहद आपत्तिजनक है। सेना देश की होती है, किसी नेता की नहीं। इस तरह के बयान पूरी तरह से अनुचित और निंदनीय हैं।

कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह राष्ट्रवाद की आड़ में सेना और राष्ट्र सेवा में लगी महिलाओं का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस तरह की सोच का पुरजोर विरोध करती है और देशवासियों से अपील करती है कि वे इस दोहरे चरित्र को समझें। नईम ने यह भी कहा कि तिरंगा केवल एक यात्रा का प्रतीक नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और बलिदान की भावना का प्रतीक है। ऐसे में जिनके मंत्री और नेता सेना का अपमान कर रहे हों, उन्हें तिरंगे की बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत करें निराकरण: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।

बैठक में एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# सडक़ दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**उमरिया।** जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत घघरी नाका के पास हुए दर्दनाक सडक़ हादसे में ताला निवासी सुनील निगम उम्र 58 वर्ष की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार अभिषेक निगम उम्र 42 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अभिषेक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। डॉक्टर एमपी जेसल ने बताया कि अभिषेक की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, सुनील निगम और अभिषेक निगम अपनी बाइक से उमरिया से ताला स्थित अपने निवास की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे घघरी नाका के पास पहुंचे, तभी कटनी की ओर से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक सामने से आया। ट्रक की हैडलाइट की तेज रोशनी अचानक आंखों पर पडऩे से बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ गया और बाइक ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद सुनील निगम को मृत घोषित कर दिया, जबकि अभिषेक निगम की हालत को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक काफी तेज गति से आ रहा था और मोड़ पर चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक सुनील निगम ताला के प्रतिष्ठित नागरिक माने जाते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद सुनील निगम का शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं अभिषेक निगम के स्वास्थ्य पर डॉक्टरों की निगरानी बनी हुई है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा

## अभियान की समस्त तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

उमरिया

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से प्रारंभ होगा, जो 12 जून तक चलेगा । कलेक्टार ने कहा कि जिला स्तर पर अभियान हेतु टीम का चयन, स्थान का चयन, दिनांकवार मार्ग का चयन कहां से कहां तक किया जाना है, कर लिया जाए । जिले में अभियान के प्रभावी संचालन हेतु वैज्ञानिकों एवं कृषि तथा सम्बध्द अधिकारियों के साथ कम से कम तीन टीम का गठन किया जाए । गठित टीम 2 से 3 ग्राम पंचायतों में अभियान का संचालन करेगी । अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक , जन प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आंमत्रित किया जाए ।

उन्होने कहा कि अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों के साथ कृषि, कृषि-अभियांत्रिकी, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग आदि के मैदानी अधिकारियों की अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। जिले के प्रगतिशील/उन्नतशील नवाचारी कृषकों को उक्त अभियान में शामिल करे। क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बंधित आधुनिक/उन्नत तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करें। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक करें। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड (एस.एच.सी.) में सुझायी गयी विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित करें। किसानों से फीडबैक लें जिससे की उनके द्वारा किए गए नवाचार के बारे में वैज्ञानिक सीख सकें एवं एवं उसके अनुसार अनुसंधान की दिशा का निर्धारण करें। उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं के बारे में किसानों के बीच जागरूकता फैलाएं।

बैठक में उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के संबंध में जानकारी दी । इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी.आर.नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।



## प्रांतीय अभ्यास वर्ग अमरकंटक के कार्यक्रम के आय- व्यय प्रस्तुतीकरण के लिए बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** 18 मई को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभाग इकाई शहडोल की बैठक जनपद शिक्षा केंद्र व्योहारी जिला शहडोल में प्रांतीय सचिव एवं संभाग प्रभारी महेंद्र कुमार त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं प्रांतीय आयाम प्रमुख अरुण कुमार मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में संभाग शहडोल इकाई के पदाधिकारियों के साथ जिला शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया के जिला इकाई के पदाधिकारी एवं ब्लॉक, तहसील, नगर के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलितकर, सरस्वती बंदना एवं माल्यार्पण से बैठक प्रारंभ हुआ। बैठक में अमरकंटक में आयोजित ऐतिहासिक प्रांतीय अभ्यास वर्ग की व्यवस्थाओं का सभी लोगों के द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। बैठक में संभागीय संगठन मंत्री डॉ. नरेंद्र पटेल ने बताया कि बढ़-चढ़ कर सदस्यता अभियान को तीनों जिलों को पूर्ण किया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष अनूपपुर संजय कुमार निगम, जिला सचिव शहडोल विनोद कुमार सिंह, जिला सचिव अनूपपुर शीलवंत तिवारी, जिला सचिव उमरिया त्रिभुवन सोनी, के द्वारा विचार व्यक्त किए गए। प्रांतीय सचिव एवं संभाग प्रभारी महेंद्र कुमार त्रिपाठी के द्वारा अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संभाग संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि आगे आने वाले संभागीय निर्वाचन की प्रक्रिया को मनभेद एवं मतभेद मिटाकर सर्वसम्मति से संपन्न कराया जाना चाहिए। साथ ही प्रातीय अभ्यास वर्ग के आय-व्यय गए की समुचित जानकारी बैठक के पटल पर में प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। नवनिर्वाचित संगठन मंत्री जिला शहडोल रितेश श्रीवास्तव के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष शहडोल लालजी तिवारी जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को खंड श्रोत समन्वयक व्योहारी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए सैनिकों के प्रति एवं संभागीय कोषाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा के भतीजे के आकस्मिक निधन पर सभी के द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनके आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना किया गया। अंत में सभी अतिथियों का सह भोज कराया गया।

### शा.उ.मा.वि जमुना कालरी के नवीन भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

# भव्य एवं स्वच्छ वातावरण में अब बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत 545 .24 लाख की राशि से निर्मित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कालरी के नवीन भवन का लोकार्पण रविवार, 18 मई को मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री अनूपपुर वर्तमान विधायक बिसाहूलाल सिंह के द्वारा किया गया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, बृजेश गौतम, कार्यक्रम के अध्यक्ष राम अवध सिंह, भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष अजय द्विवेदी की गरिमामय उपस्थिति में मां भारती एवं सरस्वती माता की पूजा अर्चना के पश्चात नवीन भवन का लोकार्पण किया गया।




### विकास के मामले में पसान को मिली प्राथमिकता

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह का इस क्षेत्र को सदैव भरपूर आशीर्वाद मिला है जिसका परिणाम है कि नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र विकास के मामले में निरंतर आगे बढ़ रहा है उनके प्रयास से ही आज करोड़ों की लागत से नवीन भवन लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, अब बच्चों को बैठने और बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी एक भव्य भवन एवं स्वच्छ वातावरण में शिक्षा की ज्योत सदैव अब जलती रहेगी। श्री सिंह ने शाल श्रीफल एवं स्वागत उद्बोधन के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

### शिक्षित समाज से देश का होगा विकास

मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधायक विसाहूलाल सिंह ने कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कॉलरी के इस नवीन भवन के निर्माण का भूमि पूजन करने के साथ ही हमें लोकार्पण करने का भी अवसर प्राप्त हुआ । हम चाहते हैं कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के ना रहे, जब हमारा समाज शिक्षित होगा तो हमारा देश आगे प्रगति करेगा। हमने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दिया और जिले भर में संचालित विद्यालयों के उन्नयन से लेकर भवन निर्माण के कार्यों को करा कर बेहतर सुविधा प्रदान करने का कार्य किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू जायसवाल नगर पालिका पसान के उपाध्यक्ष अजय यादव जनपद बदरा के उपाध्यक्ष तेजभान सिंह भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक लाल पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह वरिष्ठ नेता सुखविंदर सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशांक आर्मो एसडीओ पीआईयू प्रभात लोरिया अनूपपुर वीईओ के के वर्मा कोतमा वीईओ आरके मिश्रा प्राचार्य श्रीमती सुचिताव शर्मा पार्षद अब्दुल कलाम इंद्रलाल केवट दीपक यादव पूजा सिंह श्याम दीपावली साहू श्रीमती सरोज लोधी पुष्पा सिंह गीता अजय यादव सविता रूपेश सिंह विकास जायसवाल भाजपा मंडल महामंत्री धीरेंद्र सिंह मिंटू रोशन प्रजापति सूर्य प्रकाश लोधी रीता सिंह विद्यालय के शिक्षक अमित रहा अवध राज सिंह सोलंकी सतीश सिंह ज्ञान प्रकाश राम नारायण महेंद्र दास चौधरी जौहर सर तथा क्षेत्र के नागरिक, अभिभावक विद्यालय की छात्र छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे मंच का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह एवं संजय त्रिपाठी के द्वारा किया गया आभार प्रकट विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अवध राज सिंह सोलंकी ने किया।

## समर कैंप में जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय ओहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद पाली अधिकारी भूपेंद्र सिंह व पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी के सहयोग से कैम्प संयोजक हिमांशु तिवारी के नेतृत्व में युवा टीम उमरिया के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में विद्यार्थी उत्सुकता के साथ सहभागिता निभा रहे हैं तथा चित्रकला, नृत्य ,गायन, वॉलीबॉल, फुटबॉल ,कबड्डी, क्रिकेट, सेल्फ डिफेंस व शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रातः कैम्प में राष्ट्रगायन के साथ आरंभ किया जाता है। इसके पश्चात दौड़ प्रतियोगिता व्यायाम एवं अन्य अभ्यास कराए गए। इसी प्रकार चित्रकला, फुटबॉल व क्रिकेट का भी प्रशिक्षण किया गया।

पाली पुलिस थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने प्रदर्शन में प्रतिभागियों की ओर लगाए मॉडल देखते। साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को सराहा।जिसमें छात्र जल संरक्षण के महत्व को मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित कर रहे हैं। ये मॉडल न केवल जल संरक्षण के तरीके दिखाते हैं बल्कि जल संकट के प्रति जागरूकता भी पैदा करते है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि समर कैंप में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों ने जल संरक्षण पर मॉडल बनाए । जिनमें वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई, और भू-जल स्तर को बढ़ाने के उपाय दिखाए गए हैं। कुछ छात्रों ने ऑटोमेटिक ट्यूबवेल और पवन चक्की का मॉडल बनाकर जल संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को भी बताया है. इन मॉडलों के माध्यम से आमजन को जल बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योग की पाठशाला में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी ने उत्साह एवं अनुशासन से भाग लिया। समर कैंप में अनेक शिक्षक शिक्षकों कर्मचारियों को तथा अभिभावकों का भी सतत सहयोग मिल रहा है। विद्यार्थियों की शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समर कैंप में अत्यंत उपयोगी साबित हो रहा है। समर कैंप में बच्चों को बताया गया कि बच्चों में चहुंमुखी प्रतिभा के विकास के लिए समर कैंप बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर खुशी सेन,संजीविनी पटेल,नेहा सिंह,पलक सिंह,स्नेहा सिंह,रुद्र प्रधान, सत्यम सेन,शुभम पटेल,ऋषभ रजक,श्रेस्यांश गौतम,निरंजन कुशवाहा,नेहा बैगा,शिव बैगा,शुभद्रा बैगा,शिवन्या बैगा व सभी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री उज्जवला योजना हितग्राही 31 मई तक ईकेवायसी कराएं

उमरिया।

*प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत रसोई ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चत कराने हेतु भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं । विगत कुछ वर्षों में ऐसा देखने में आया है कि कुछ हितग्राहियों द्वारा गैस कनेक्शन लाभ प्राप्त करने के उपरांत एक भी एलपीजी रिफिल गैस का उठाव नहीं किया गया है जिससे उपरोक्त योजना के उद्देश्य का लाभ उन तक नहीं पहुंच पा रहा है । जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस.परिहार ने बताया कि जिले में ई केवायसी हेतु कुल सदस्य 530239 में से 459776 की ई केवायसी की जा चुकी है तथा यह स्वीकृत किया गया कि शेष सदस्यों की ई केवायसी शासन स्तर से 31 मई तक की वृध्दि की गई है।*

*उमरिया जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के सभी हितग्राहियों को ढूंढ कर उनकी ई केवायसी करवा कर उनको योजना के लाभ सतत रूप से पहुंचाने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियों के एलपीजी वितरकों द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ईकेवायसी कराया जाना है।*

*प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों से अपील है कि संबंधित गैस एजेन्सी मे संपर्क कर अपना ई केवायसी कराकर शासन की महत्वाकाँछी योजना के लाभार्थियों को योजना का लाभ मिलता रहे ।*

# नल जल मिशन योजना के तहत ग्राम कटकोना के सभी वार्डों में पहुंच रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज, बुढार।

नल जल मिशन से गांव गांव तक बिछाईं गई नल पाइप-लाइन बन कर तैयार हो गई है और ठेकेदार के द्वारा शीघ्र ही विभाग को सुपुर्द करेगा ग्राम पंचायत कटकोना के अंतर्गत कटकोनी में नल जल योजना मिशन योजना से ग्रामवासियों के घर घर पहुंचे जल का टेस्टिंग कर सभी वार्डों में नियमित रूप से पानी प्रदाय किया जा रहा है।

जनपद पंचायत बुढ़ार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकोना एवं कटकोनी नवनिर्मित नल जल योजना में पीसीसी रोड सुधार एवं नाली सुधार एवं सम्पूर्ण घरों में पानी प्रदाय नियमित रूप चल रहा है रहा है।

ग्राम पंचायत कटकोना में नल जल योजना के ठेकेदार के द्वारा गांव में पाइपलाइन खुदाई के दौरान पीसीसी रोड टीएस 10 लाख की लागत से बनीं एवं आरसीसी नाली की लागत 5 लाख का सुधार कराने की आवश्यकता है,।

नव निर्माणाधीन पानी की टंकी ग्राम कटकोना के हरिजन बस्ती, आदिवासी मुहल्ला,पंडितान मुहल्ला एवं कटकोनी पीने का पानी नियमित रूप से मिल रहा है और कुछ स्थानों की पाइपलाइन नहीं बिछीं है जिसे निमार्ण एजेंसी के द्वारा शीघ्र ही बिछा दी जाएगी ग्रामवासियों






को अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेंगी और आने बाले समय में ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल मिलेगा और कार्य का संपूर्ण सुधार कराने के बाद ग्राम पंचायत कटकोना के अधिकार में सौंप दिया जाएगा।


## खबर संक्षेप

### अलग अलग स्थानों से जब्त की गई अवैध शराब

**उमरियापान**। शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 4 आरोपितों को पकड़ा गया जिनके पास से देशी और कच्ची शराब जब्त की गई। थाना प्रभारी एसआई दिनेश तिवारी ने बताया कि यहा कार्यवाही पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद के दिशा निर्देशन में की गई। अलग अलग क्षेत्र में हो रहे अपराध की रोकथाम हेतु दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले आरोपियों ग्राम बरेली के तारा चंद पिता स्व. तेजी लाल पटेल 55 साल, ग्राम बरही के छेदी लाल पिता बाबू लाल कोल 50 साल, ग्राम पचपेड़ी के विनोद पिता चंद्रिका बर्मन 40 वर्ष तथा ग्राम टोला के किशोरी पिता सुखलाल बसोर 50 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब, 12 पाव देशी शराब कीमत 2700 रुपए की जप्त कर उक्त आरोपियो के विरूद्ध म.प्र. आबकारी अधि. के अन्तर्गत कार्यवाही की गई । कार्यवाही में स.उ.नि कोदू लाल दहिया, प्र.आर योगेंद्र सिंह, अजय तिवारी, आर मोहन मुवेल ,सैनिक संतोष दुबे की भूमिका रही।

### पूर्वी ने बढ़ाया मान, आदित्य को मिली सफलता





**कटनी**। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के परिणाम विगत दिवस घोषित किये गए। जिसमे कटनी आर्ट्स एण्ड कामर्स ऑटोनॉमस कॉलेज (चड्ढा ऑटोनॉमस कॉलेज) की एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा पूर्वी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाते हुए कटनी शहर का नाम रोशन करते किया। इसी तरह आदित्य जैन ने 65% अंक प्राप्त किये। पूर्वी जैन एवं आदित्य जैन नई बस्ती, सावरकर वार्ड निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का के पुत्र एवं पुतवधु हैं। पूर्वी और आदित्य जैन ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों एवं कॉलेज के प्राध्यापकों को दिया है। शुभचिंतकों एवं स्नेहीजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### अलग अलग क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाएं

**कटनी**। अलग अलग क्षेत्रों में मारपीट की घटनाएं हुई। घटनाएं माधवनगर, कोतवाली व ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत हुई। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम टिकरिया में एक युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने सीताराम पटेल निवासी ग्राम टिकरिया की शिकायत पर राजकुमार पटेल, दीपक पटेल, अमन पटेल, कृष्णकांत पटेल, सोहिल खान पर घर में घुसकर मारपीट करने पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। इसी तरह कोतवाली थाना अंतर्गत रबर फैक्ट्री रोड में मारपीट की गई। जानकारी के अनुसार अन्नू चौधरी 28 निवासी आबकारी मोहल्ला की शिकायत शुभम चौधरी, अभिषेक चौधरी दोनों निवासी कटनी पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत युवक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अनूप दुबे 38 निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा के साथ बाबा बागरी निवासी खमरिया ने मारपीट की।

### बाइकों में हुई टक्कर, दो युवकों की हुई मौत

**कटनी**। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। हादसा बरही थाना अंतर्गत बगैहा मोड़ के पास हुआ। जानकारी के अनुसार अरुण कुमार निवासी कुंआ बरही कटनी की ओर आ रहा था। वहीं मोहन लाल 24 निवासी करेला अपने एक अन्य साथी के साथ कटनी से बरही आ रहा था। दोनो बाइकों में टक्कर हो गई। हादसे में अरुण व मोहन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मोहन लाल के साथ बाइक पर सवार युवक गंभीर घायल हो गया।

# छतहा तिराहे में सड़क दुर्घटना में दो घायलों को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



शहडोल।

थाना सिंहपुर क्षेत्र के छतहा तिराहे के पास सोमवार को सड़क दुघर्टना में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्ति, जिसमें एक महिला और एक बच्ची घायल हो गयी जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम

डायल-112/100 भोपाल में 19-05-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल सिंहपुर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से दो की मौत

**कटनी**। बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक की जहर पीने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार काशीराम पटेल पिता दयाराम पटेल 34 निवासी अमाड़ी की जहर पीने से मौत हो गई है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटीराजा में राम बाई कोल पति रामशरन कोल 40 की जहरीले पदार्थ के पीने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# महापौर ने 32 लाख के विकास कार्यों की रखी आधारशिला





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के दौरान नगर के वार्डो में जलप्लावन की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभी से तैयारियां प्रारंभ की जाकर नगर के छोटे और बड़े नालों की सफाई के साथ ही जलप्लावन वाले संभावित स्थलों में जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु विकास कार्य कराए जा रहे है।

## शहर विकास का कार्य जारी

इसी तारतम्य में नगर विकास कार्य को गति प्रदान करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा रविवार को वीर सावरकर वार्ड के नागरिकों की मौजूदगी में लगभग 32 लाख की लागत से वार्ड के विभिन्न स्थलों पर कराए जाने वाले नाली निर्माण कार्य एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण करते हुए क्षेत्रीय नागरिकों को महत्वपूर्ण सौगात दी। भूमिपूज आचार्य अरुण कुमार भट्ट द्वारा विधिवत पूजन अर्चन किया जाकर संपन्न कराया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू जय नारायण निषाद, श्रीमती बीना बैनर्जी सहित वार्ड पार्षद राजेश भास्कर पार्षद शकुंतला सोनी पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक समाजसेवी अजय सरावगी सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी रही।

## नागरिकों को मिलेगी राहत

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन सहित पार्टी के वरिष्ठ जनों के सहयोग से नगर में विकास कार्य का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत आज वार्ड स्थित श्रीमती ममता अग्रवाल, नवीन भसीन सहित अन्य विभिन्न स्थलों में लगभग 27.98 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण सहित संत रविदास नगर में 4 लाख रुपये की लागत से पुलिया एवं नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर यातायात सहित जल निकासी की सुगम व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। नगर विकास का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर द्वारा वार्डवासियों की सुविधा हेतु प्रदान की गई इस सुविधा के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तो वहीं वार्डवासियों द्वारा भी विकास कार्यों को स्वीकृत कराए जानें के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं वार्ड पार्षद राजेश भास्कर का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक रघुनाथ गौर जयराम छाबड़ा सुषमा भट्ट, शारदा जैन सहित निगम के उपयंत्री अश्विनी पाण्डेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की मौजूदगी रही।

# दर्द और एलर्जी से राहत देने वाली दवाओं का अब नशे में किया जा रहा है उपयोग

*प्रतिबंधित दवाओं का भी बिना डाक्टर की पर्ची के किया जा रहा विक्रय*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बढ़ते नशे के कारोबार के चलते किशोरवय से लेकर युवा और बुजुर्ग तक इस दलदल में फंसे हुए हैं। नशे की लत को पूरा करने के लिए न सिर्फ शराब, गांजा, स्मैक का उपयोग किया जा रहा है बल्कि कई प्रतिबंधित दवाईयों का भी बेरोकटोक विक्रय किया जा रहा है। नशे का उपयोग अब तो एक तरह से फैशन सा हो गया। मसलन हर छोटी-बड़ी सफलताओं व खुशियों के मौके पर यार दोस्तों में नशा की फरमाइश होती है। शहर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक में नशीले पदार्थों की उपलब्धता सहज हो गई। पुलिस अमला अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है।

नशे के लिए तंबाखू, बीड़ी, सिगरेट और शराब के अलावा कम खर्च में और सहज रूप से नशीली दवा सीरप और इंजेक्शन का उपयोग अधिक हो रहा है जो दवा बीमारी से निजात दिलाने के लिए बनाई गई है उसका उपयोग अब युवाओं द्वारा नशे के लिए किया जा रहा है। मेडिकल स्टोर वाले अपने थोड़े से फायदे के लिए बिना डाक्टर की पर्ची देखे ही ये नशीली दवाएं अवैध रूप से बेंच रहे हैं। जबकि सरकार ने ऐसी दवाओं की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। युवकों में दिन-ब-दिन नशे को लेकर झुकाव बढ़ता जा रहा है। शराब, सिगरेट, गांजा के साथ अब नशे के लिए युवा नए-नए तरीके भी इजाद कर रहे हैं। दर्द और एलर्जी से राहत दिलाने के लिए बनाई गई दवाइयों को उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करने लगा है।

पकड़े जाने के टेंशन से बचने के लिए युवा वर्ग नशीली दवा का सेवन कर आफत मोल ले रहे हैं। जानकारों की मानें तो कुछ इंजेक्शन लगाने के कुछ दरे के अंदर उसे नशा हो जाता है। इसी तरह स्पाजमो प्राक्सीवान कैप्सूल और कोरेक्स सीरप का नशा शराब जैसे दूसरे नशे की तुलना में सस्ता पड़ता है। यह हर जगह मेडिकल स्टोर में आसानी से भी मिल जाते हैं। इसे खाते समय किसी से छिपने की जरूरत नहीं पड़ती। शराब की तरह मुंह से बदबू भी नहीं आती जिससे नशे के रूप में ऐसी दवा का उपयोग किया जाता है।

सेंट्रल ड्रग स्टेंडर्ड आर्गेनाइजेशन के नये आदेशों में नींद की गोली और हैवी एंटीबायोटिक दवा के लिए एमबीबीएस डॉक्टर की पर्ची जरूरी हो गई है पर दवा विक्रेताओं द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों संचालित मेडिकल स्टोर्स की बात तो छोड़ो, शहरी क्षेत्र व जिला मुख्यालय में भी मेडिकल स्टोर्स में बिना पर्ची के दवा दी जा रही है। चिकित्सकों की माने तो पेंटविन इंजेक्शन तुरंत अपना असर दिखाता है, वोनफिक्स को सूंघने से नशा आ जाता है। कोरिक्स सिरप या अन्य नशीली दवाओं के सेवन से व्यक्ति के स्नायु तंत्र, किडनी, लीवर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे पैरालिसिस होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

# महर्षि विद्यापीठ में व्याख्यान माला का आयोजन



आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में भारत के भागौलिक केंद्र बिंदु करौंदी स्थित महर्षि विद्यापीठ के लक्ष्मी मंडप में आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यापीठ के आचार्य सर्वेश कुमार, चतुर्वेदी,ब्रजेश कुमार पाण्डेय, विनोद तिवारी,हेमंत चौबे और राजाराम गौतम ने शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर विस्तृत रूप से बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य ने 8 वर्ष की उम्र में सन्यास लिया। सनातन धर्म की एकजुटता को बनाए रखने के लिए उनके द्वारा चार मठों की स्थापना पैदल यात्रा कर पूरे भारत में की गई। उन्होंने 32 वर्ष की छोटी सी उम्र में भारत का भ्रमण कर अलग-अलग संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इसके साथ ही वक्ताओं ने शंकराचार्य के जीवन पर विस्तृत से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल, विकासखंड समन्वयक बबीता सिंह ने प्रमुख वक्ताओं को पुष्प माला और अंग वस्त्र भेंटकर उनका सम्मान किया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सेना के पराक्रम के उपलक्ष्य में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा




जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला कर उनके कैम्पों व अड्डों को तहस नहस कर दिया गया था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व सैनिकों के सम्मान में भारतीय सुरक्षा के लिए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं एवम बड़वारा नगर तथा स्मीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से एकत्रित हुए अपार जन समूह के द्वारा बड़वारा के ऐतिहासिक हनुमान ताल से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि ग्राम का भृमण करते हुए बड़वारा थाना के समीप स्थित शहीद परमानन्द पटेल की प्रतिमा के समक्ष पहुंची जहां पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने शहीद परमानन्द पटेल की प्रतिमा पर पुष्प सुमन अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भारत माता की जय के नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा का जन समुदाय द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा से लोगों के मन मे तिरंगा के प्रति देश प्रेम व समर्पण की भावना जाग्रत हुई। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, विलायत कला भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, हर्ष द्विवेदी, केतन गर्ग, भूत पूर्व सैनिक संतोष दुबे, बीरभद्र दुबे( छोटू महाराज), बड़वारा के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रताप सिंह समेत भारी जन समूह तिरंगा यात्रा में सम्मलित हुआ।

# चौपाल और रैली के माध्यम से लोगों को दिया गया जल संरक्षण का संदेश

*जरवाही में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब में की सफाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता संयोगिता मिश्रा के समन्वय और छात्र-छात्राओं के सहयोग से जल गंगा अभियान की जागरूकता के लिए ग्राम वासियों के साथ चौपाल एवं रैली के माध्यम से जल संरक्षण एवं प्राकृतिक स्त्रोतों की गहरीकरण और साफ-सफाई जन भागीदारी से करने का संदेश दिया गया। जिससे प्रेरित होकर ग्राम वासियों ने स्थानीय तालाब के घाट में कचरा और गंदगी की श्रमदान से साफ-सफाई मैं सहभागिता की और मानव श्रृंखला बनाकर तालाब से निकले कचरे को दूर फेंक दिया। जन अभियान परिषद द्वारा गांव-गांव में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं, और छात्र-छात्राओं के सहयोग से रैली, दीवार लेखन, चौपाल और संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़कर ग्राम वासी जल संरक्षण के लिए तन और मन से अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिसके फलस्वरुप बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढों का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई और गहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। बंडा में आयोजित जन जागरूकता और श्रमदान के इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र मिश्रा, पंच कौशल्या बाई आदिवासी, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक अनिल कुशवाहा, नवांकुर संस्था मंथन समाज विकास समिति बंडा के सचिव हीरामणि हल्दकार, लोकेश जनसेवा समिति के सचिव रामजी मिश्रा समाजसेवी बृजकिशोर नामदेव, राजकुमार भूमिया, रवि शंकर चौधरी, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता श्रीमती संयोगिता मिश्रा, अमित तिवारी, छात्र-छात्राओं देव सुधाकर दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

मौसम ने ली अंगड़ाई, बदले मौसम ने फिजा मे घोली ठण्डक

# कोयलांचल व मैलांचल में ठण्डक तो जिला मुख्यालय मे लू के थपेडे

मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। आने वाले दिनों में भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग की माने तो 24 मई तक जिले में बारिश हो सकती है। 19 मई को मौसम ने करवट बदली और दोपहर बाद कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र मे आंधी तूफान चलने के साथ ही बादल में गरज चमक के साथ ही आधे घंटे तेज बारिश हुई जिसके कारण एक बार फिर लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली वही मैकलांचल मे भी बदले मौसम ने फिजा मे ठण्डक घोल दी परंतु जिला मुख्यालय मे गर्मी ने सितम ढाया।



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा

जिले के मौसम का मिजाज बदला हुआ है, एक ओर गर्मी और लू ने लोगों को बेहाल कर रखा है, तो दूसरी ओर बारिश और आंधी-तूफान का दौर जारी है। तो दूसरी ओर बारिश के कारण दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज़ की गई । इससे जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने के कारण बारिश का दौर शुरू हो गया है, जिससे गर्मी में कमी आई, लेकिन जिला मुख्यालय मे लू ने पूरा दिन सितम ढाया। सोमवार को सुबह से ही आसमान खुला था दोपहर तक तेज धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा था लू के थपेड़ो के कारण कम लोग ही घरों से निकल रहे थे। भीषण गर्मी के कारण पंखे कूलर भी काम नहीं कर रहे थे। तेज बारिश होने के कारण नगर की सड़कों मे जल भराव हो गया । एक बार फिर से फिजा ने मौसम में ठंडक घोल दी।

### बिजली सप्लाई हुई बाधित

सोमवार को दोपहर बाद तेज आंधी तूफान बादल में चमक गरज होने के कारण कोतमा बिजुरी राजनगर पसान वितरण केंद्र अंतर्गत 33 केवी लाइनों में फाल्ट आने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही जमुना कोतमा क्षेत्र एवं हसदेव क्षेत्र की कोयला खदानों की भी विद्युत सप्लाई बाधित होने के कारण खदानें भी बंद हो गई । सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता लालमणि प्रजापति ने बताया कि तेज आंधी तूफान चलने के कारण कोतमा पसान की 33 के वी लाइन मे फाल्ट आने के कारण कोतमा नगर सहित सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्र एवं जमुना कि कोल माइंस की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई जिसके कारण कोयला खदानों का काम भी प्रभावित हो गया। बिजुरी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता के एस पटेल ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव आने के साथ ही तेज आंधी तूफान चलने के कारण बिजुरी राजनगर 33 के वी लाइन मे फाल्ट आने के कारण बिजुरी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र एवं राजनगर सहित बिजुरी एवं राजनगर सहित लगभग आधा दर्जन कोयला खदानों की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है जिसके कारण कोल माइंस का कार्य भी प्रभावित हो गया है । कोतमा बिजुरी पसान राजनगर में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा 33 केवी लाइन में फाल्ट सुधारने का कार्य किया जा रहा है। जगह-जगह विद्युत की लाइनों के ऊपर पेड गिरने के कारण बिजली के तार टूटकर जमीन पर गिर गये हैं। वही की जगह बिजली के खंबे भी टूटकर गिर गये हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बेमौसम बारिश, तेज हवा और तूफान से आम और जामुन जैसे फलदार पेड़ों को नुकसान हो सकता है। आम और जामुन के 50 फीसद फल गिर गए।

---

जिला मुख्यालय को जल्द मिलेगा पत्रकार भवन

# नारद जयंती समारोह में पत्रकारों, साहित्यकारों, कलाकारों और प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

पत्रकारों की मांग पर राज्य मंत्री ने दी हरी झण्डी



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

17 मई को जमुना- कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा बंकिम बिहार सभागार जमुना में महर्षि नारद जयंती के परिपेक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुये कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता को चौथा स्थान प्राप्त है देश की आजादी के समय लोकतंत्र को स्थापित करने में पत्रकारिता ने बड़ी भूमिका अदा की है। महर्षि नारद तीनो लोको पृथ्वी, स्वर्ग व पाताल लोक में मानव कल्याण के लिए संदेश पहुंचाने तथा समन्वय करने में बड़ी भूमिका का निर्वाहन किया है।



मंचीय उद्बोधन मे श्री जायसवाल ने कहा कि जनकल्याण के लिए सार्थक पत्रकारिता सशक्त पत्रकारिता मानी जाती है। मानव कल्याण के लिए कलम की ताकत का महत्व होता है, उन्होंने कहा कि कलम की ताकत से आजादी मिलने में आसानी हुई। उन्होने इस अवसर पर समसामयिक घटनाक्रम के संबंध में भी विचार रखे। उन्होंने हाल ही में भारतीय सेना की तीनों टुकड़यों द्वारा किए गए शौर्य पराक्रम की सराहना की तथा संपूर्ण घटनाक्रम को इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित- प्रसारित करने के लिए पत्रकारों का आभार जताया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, ईगांराजविवि अमरकंटक के पत्रकारिता विभाग की प्राध्यापक डॉ. मनीषा शर्मा, जिपं पीआरओ अमित श्रीवास्तव, अधिमान्य पत्रकार कैलाश पांडेय, राजेश शुक्ला, अमित शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य मिश्रा, संतोष मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, विजय उमर्लिया, जमुना कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ संयोजक भगवान दास मिश्रा, अध्यक्ष चंदन केवट, पुनीत सेन, नीरज द्विवेदी, पत्रकार, साहित्यकार, शिक्षाविद एवं कला जगत से जुड़े विशिष्ट जन तथा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। जिन्हें सम्मानित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन सामाजिक संगठक ओंकार सिंह ने किया।

### जिला मुख्यालय को जल्द मिलेगा पत्रकार भवन

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने जिला मुख्यालय में पत्रकारों के लिए पत्रकार भवन की मांग मंत्री दिलीप जायसवाल एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली से की जिस पर मंत्री ने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भी कृत संकल्प व्यक्त किया तथा जिला मुख्यालय अनूपपुर में पत्रकारों के कार्यक्रमों के लिए एक समुचित सभागार के निर्माण किए जाने के संबंध में भी कार्य करने की बात कही, वही कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आगामी आयोजित होने वाली बैठक में पत्रकारों के लिए सभागार हेतु किसी भी मद से पत्रकार भवन बनाये जाने हेतु प्रयास किये जाने की बात कही गई।

### नारद जयंती विशेषांक स्मारिका का हुआ लोकार्पण

नारद जयंती के परिपेक्ष्य में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में इस स्मारिका- 2025 का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें स्थानीय पत्रकारों, साहित्यकारों एवं रचनाकारों की रचनाएं प्रकाशित की गई है। सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं (दसवीं एवं बारहवीं) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के अतिथि मंत्री, कलेक्टर एवं एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। मातृशक्ति, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं पत्रकारों की उपस्थिति ने इस आयोजन को अभूतपूर्व सफलता प्रदान की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जमुना कोतमा क्षेत्रीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष चंदन केवट द्वारा किया गया।

---

# कदमटोला में नल-जल योजना कार्य में घोर लापरवाही

नेशनल हाईवे पर फैली मिट्टी से युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत कदमटोला में 'हर घर नल-जल योजना' के तहत की जा रही खुदाई अब लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने से पहले मिट्टी निकाली जा रही है, लेकिन वह मिट्टी अनियंत्रित रूप से नेशनल हाईवे 78 के किनारे और कई स्थानों पर सड़क के ऊपर तक फैला दी गई है। इस मिट्टी को हटाने या चेतावनी देने के लिए न तो कोई बोर्ड लगाया गया है, न ही बैरिकेडिंग की गई है और न ही रात के समय संकेत देने वाली कोई व्यवस्था की गई है। यह सीधी-सीधी लापरवाही है, जो अब दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। बीती रात ग्राम निवासी शंकर महरा इस लापरवाही का शिकार हो गए। वह मोटरसाइकिल से लौट रहे थे, जब अंधेरे में उन्हें सड़क पर फैली मिट्टी नहीं दिखी और उनका वाहन फिसल गया। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शंकर की हालत अब स्थिर बताई जा रही है, लेकिन यह घटना पूरे गांव को हिला देने वाली है। ग्रामीणों का कहना है कि यह तो एक उदाहरण है,



लेकिन यदि यह स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में किसी की जान भी जा सकती है। यह कार्य जिस तरह से किया जा रहा है, वह भारत सरकार के सड़क निर्माण और सुरक्षा से जुड़े सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी राजमार्ग या सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण कार्य करते समय कार्यस्थल को पूरी तरह सुरक्षित करना अनिवार्य होता है। चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड्स, रिफ्लेक्टर लाइट्स और रात के समय प्रकाश व्यवस्था जैसी सुरक्षा आवश्यकताएं पूरी न करना गैरकानूनी है। इसके अलावा, खुदाई से निकली मिट्टी को कभी भी मुख्य मार्ग पर इस तरह बिखेरना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि निर्माण कार्य के कारण किसी व्यक्ति को चोट आती है या जान जाती है, और यदि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हुआ है, तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारी आपराधिक उत्तरदायित्व के दायरे में आएंगे। यह दुर्घटना न केवल मानव जीवन की उपेक्षा है, बल्कि यह सरकारी योजनाओं को लापरवाही के जरिए बदनाम करने जैसा कृत्य है। ग्रामीणों का गुस्सा अब बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि कई दिनों से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन न तो पंचायत और न ही प्रशासन की ओर से कोई सुध ली जा रही है। अगर यह अनदेखी जारी रही तो ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। आज शंकर महरा घायल हुए हैं, लेकिन अगर प्रशासन और संबंधित विभागों ने अब भी ध्यान नहीं दिया, तो यह लापरवाही किसी मासूम की जान तक ले सकती है। यह खबर सिर्फ एक दुर्घटना काब्योरा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो इसकी कीमत किसी की जान से चुकानी पड़ सकती है।

---

# मासिक धर्म पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

निरोग नारी के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया



हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम

प्रणाम नर्मदा युवा संघ के मिशन निरोग नारी अभियान के अंतर्गत अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड स्थित पंचायत भवन ग्राम खजूरवार में महावारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़े भ्रांतियों और मिथकों को दूर करना रहा।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को माहवारी की जैविक प्रक्रिया, उचित स्वच्छता प्रबंधन, सैनिटरी नैपकिन का उपयोग एवं स्वच्छता से संबंधित सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही समाज में प्रचलित विभिन्न गलत धारणाओं और अंधविश्वासों के वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खजूरवार के सरपंच संतराम सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी योगिता धुर्वे, एएनएम सुशीला धुर्वे, आशा कार्यकर्ता यशोदा महोबे एवं प्रणाम नर्मदा युवा संघ के अध्यक्ष विकास सिंह चंदेल, सदस्य सचिन त्रिपाठी, नीलेश यादव, आकाश हरदहा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन प्रणाम नर्मदा युवा संघ के इंटर्न हरेंद्र प्रताप सिंह मरावी द्वारा किया गया। इस पहल को ग्रामीण समुदाय में अत्यंत सराहना मिली और महिलाओं ने खुले मंच पर अपने अनुभव साझा करते हुए इस प्रकार के आयोजन को नियमित रूप से किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

---

# 1 जून से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होगा विशेष आधार कैंप

कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले में आधार कार्ड में त्रुटियों एवं अपूर्ण जानकारी के कारण जिले के अनेक नागरिक शासन की विभिन्न कल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए 01 जून से जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष आधार पंजीयन एवं सुधार कैंप आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने जिला गवर्नेंस मैनेजर को निर्देशित किया कि 25 मई तक सभी नगरीय क्षेत्रों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों के अनुसार कैंप का विस्तृत कैलेंडर तैयार कर लिया जाए, जिससे प्रत्येक क्षेत्र में नियत तिथि पर कैंप आयोजित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का संचालन पूर्णतः सुचारू, पारदर्शी एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुँचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ई-ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों को आधुनिक, पारदर्शी और दक्ष बनाने हेतु ई-ऑफिस प्रणाली का पूरी जिम्मेदारी के साथ संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शीघ्र अपना डिजिटल हस्ताक्षर बनवाएं तथा समस्त पत्राचार एवं फाइलों में हस्ताक्षर डिजिटल माध्यम से ही करें, जिससे कार्यों में गति और पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि यदि आवश्यक हो तो विभागीय लिपिकों को ई-ऑफिस प्रणाली की पुनः प्रशिक्षण देकर दक्ष किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी को ई-ऑफिस की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाए, ताकि यह प्रणाली जिले में सफलतापूर्वक और सुचारू रूप से लागू की जा सके। साथ ही कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को निर्देशित किया कि वे विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर ई-ऑफिस क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लें। कलेक्टर ने जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से समग्र आईडी के माध्यम से आधार ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ नागरिकों को दिलाने हेतु ई-केवाईसी कार्य में तीव्रता लाते हुए शीघ्रता से सभी पात्र नागरिकों का आधार से ई-केवाईसी पूर्ण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जनजातीय कार्य विभाग द्वारा नीट एवं जेईई की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पाठ्यपुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री क्रय की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। उन्होंने सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि कोचिंग कक्षाओं का विधिवत संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यार्थियों की नियमित प्रगति के लिए प्रति सप्ताह विषयवार टेस्ट का आयोजन कर मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी शासकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकीय सेवाएं समयबद्ध, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि समस्त चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने हेतु अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। कलेक्टर ने अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं की सतत निगरानी रखने, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कारगर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी एवं ग्रामीण 2.0 के अंतर्गत सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण कर मई माह के भीतर प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध कार्य आवश्यक है, जिससे पात्र परिवारों को शीघ्र आवासीय लाभ मिल सके। कलेक्टर ने वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

---

# प्रदेश के 47 जिलों के 40 हजार बिजली आउटसोर्स को तीन माह बाद भी नहीं मिला 11 माह का एरियर


म.प्र. बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन

समाचार

म.प्र. के 47 जिलों के 40 हजार बिजली आउटसोर्स को तीन माह बाद भी 11 माह का एरियर नहीं मिला : भार्गव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हाईकोर्ट बेंच इंदौर एवं श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर द्वारा म.प्र. के आउटसोर्स श्रमिकों को वेतन पुनरीक्षण पश्चात बढ़े हुए न्यूनतम वेतन का 11 माह का एरियर दिये जाने के निर्देश तीन माह पूर्व ही जारी हो चुके हैं, जिसके मुताबिक प्रत्येक अकुशल आउटसोर्स श्रमिक को 18766 रू.,अर्द्धकुशल को 21615 रू.,कुशल को 25729 रू. एवं उच्च कुशल को 29601 रू.बोनस अंतर सहित एरियर दिया जाना चाहिए था,पर खेद की बात है कि पूर्व-पश्चिम-मध्य क्षेत्र बिजली कम्पनी में म.प्र. के 55 जिलों में से 47 जिलों के करीब 40 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को करीब 150 करोड़ रू.का मिनिमम वेजेस एरियर अब तक मानव बल ठेकेदारों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है।इस मामले में बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव एवं महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने अपर मुख्य सचिव,ऊर्जा विभाग सहित श्रमायुक्त इन्दौर एवं अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग को लिखित शिकायत की है। श्री भार्गव ने कहा कि जिन चंद 8 जिलों मेंआधा-अधूरा मिनिमम वेजेस मिला है,उनमें मध्य क्षेत्र में भोपाल सिटी व श्योपुर,पश्चिम क्षेत्र में इंदौर ग्रामीण,बड़वानी और मंदसौर पूर्व क्षेत्र में छिन्दवाड़ा, छतरपुर व जबलपुर शक्ति भवन मुख्यालय शामिल हैं। इन इलाकों को छोड़कर शेष सभी 47 जिलों के आउटसोर्स बोनस अंतर सहित एरियर राशि पाने से वंचित हैं। म.प्र.के सभी 400/220/132 केवी सब स्टेशनों व ट्रांसमिशन सर्किल व डिविज़न में कहीं भी एरियर नहीं मिला है।इसी तरह मप्र पावर जनरेशन कंपनी के सतपुडा ताप विधुत ग्रह सारणी,संजय गांधी ताप विद्युत गृह वीरसिंहपुर, अमरकंटक ताप विधुत ग्रह चचाई जिला अनूपपुर व श्री सिंगाजी ताप विधुत ग्रह खंडवा में चंद चहेतों को ही एरियर राशि दी गई है। भार्गव का कहना है कि ठेकेदार और बिजली कम्पनी बकाया एरियर नहीं देने के मामले में एक-दूसरे को उत्तरदायी ठहरा रहे हैं। कुछ जगह बजट नहीं होने का बहाना गढ़ा जा रहा है,जबकि इसका बजट तो 1 अप्रैल 2024 को ही आवंटित हो चुका था। हक़ीकत यह है कि बकाया एरियर भुगतान मामले में ठेकेदार को किसी प्रकार का कमीशन नहीं मिलना है, इसलिए इस मामले में ठेकेदार कोई रूचि नहीं दिखला रहे हैं। यह स्पष्टतः मानव अधिकारों का हनन एवं ठेका अनुबंध शर्तों का घोर उल्लंघन है । श्री भार्गव का मत है कि यदि आउटसोर्स श्रमिकों को बढ़ा हुआ वेतन देने एवं एरियर देने में मानव बल ठेकेदार विफल हैं,तो नियमानुसार प्रिंसिपल नियोक्ता, बिजली कम्पनी को इसका भुगतान स्वयं करना चाहिए।

